सुप्रभात
शनिवार 25.05.2024
धनबाद, वर्ष 01, अंक 35
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ



## धनबाद लोकसभा क्षेत्र में मतदान आज, सुबह 7 से शाम 5 बजे तक होगा मतदान

# सुरक्षा बलों के साथ पोलिंग पार्टियां बूथों के लिए रवाना

- मतदान केंद्रों पर वोटरों को मिलेंगी कई सुविधाएं
- सामान्य व पुलिस आब्जर्बर डीसी के साथ डिस्पैच सेंटर में रहें मौजूद

**विशेष संवाददाता**





**धनबाद।** धनबाद संसदीय क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान की मुकम्मल व्यवस्था के तहत मतदान केंद्रों के लिए तैनात 2378 पोलिंग पार्टियां सुरक्षा बलों के साथ आज बाजार समिति व राजकीय पॉलिटेक्निक धनबाद तथा राजकीय पॉलिटेक्निक निरसा से रवाना हो गयी। मतदान कल 25 मई को सुबह 7 के शाम 5 बजे तक होना है। विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिये सदर अनुमंडल क्षेत्र में 25 मई की रात 9 बजे तक धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गयी है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार तीनों डिस्पैच सेंटरों में अलग अलग डेस्क बनाए गए थे ताकि मतदान केंद्र पर रवाना होने से पहले मतदान कर्मी पूरी मतदान की प्रक्रियाओं और मतदान से संबंधित निदेशों के साथ पोलिंग बूथों पर पहुँचे। पोलिंग पार्टियों के रवाना होने के समय जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त माधवी मिश्रा द्वारा सुरक्षित व त्रुटिरहित मतदान करने का संदेश पोलिंग पार्टियों को दिया गया और कहा गया कि स्वच्छ निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से मतदान प्रक्रिया संपन्न कराना सुनिश्चित करेंगे।

सूत्रों के मुताबिक निर्वाचन कार्य को निष्पक्ष बनाये रखने के लिए माईक्रो ऑब्जर्वर, सेक्टर दण्डाधिकारियों व सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वच्छ मतदान हेतु सुपर जोनल दण्डाधिकारी, सुपन जोनल पुलिस पदाधिकारी एवं जोनल दण्डाधिकारी, जोनल पुलिस पदाधिकारी के रूप में पदाधिकारियों की प्रतिनुर्क्ति की गई है। मतदान केंद्रों में इस बार सभी मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है। स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराने को लेकर सभी मतदान केन्द्रों, कलस्टरों एवं इण्टरमीडिएट स्ट्रांग रूप में पर्याप्त संख्या में दण्डाधिकारी एवं पुलिस बल की तैनाती की गई है। मतदान केंद्रों में एएमएफ की व्यवस्था की गई है साथ ही दिव्यांग व वरिष्ठ मतदातओं के लिए भी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। दिव्यांग मतदाताओं के व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई है। जो मतदाता मतदान केंद्र तक पैदल आने में असमर्थ हैं या सुदूरवर्ती क्षेत्रों के मतदाताओं के लिए विशेष वाहनों की व्यवस्था की गई है। मतदाताओं की मदद के लिए वोलेंटियर्स की व्यवस्था की गई है। डिस्पैच सेंटरों में केंद्रीय चुनाव आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेषक के थवसीलन, पुलिस प्रेक्षक मोहित चावला, जिला निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्रा, एसएसपी एच पी जनार्दनन, एसपी, डीएसपी, सभी आरओ समेत कई वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

### सामान्य प्रेक्षक ने किया डिस्पैच सेंटरों का निरीक्षण

इससे पूर्व सामान्य प्रेक्षक के. थवसीलन ने गुरुवार की देर रात धनबाद पॉलिटेक्निक तथा कृषि बाजार समिति स्थित डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने ईवीएम, मटेरियल, मतदान कर्मियों के बैठक स्थल, सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। श्री थवसीलन के साथ सहायक श्रमायुक्त रंजीत कुमार मौजूद थे।

## एक नजर में

### नुक्कड़ नाटकों के जरिये मतदाताओं को किया जागरूक




**धनबाद।** जिले के वोटरों को लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर स्वीप एक्टिविटी के तहत मतदाताओं को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से अपने घरों से निकलकर मतदान करने के लिए जागरुक किया गया। साथ ही मतदाताओं को बताया गया कि जिला प्रशासन द्वारा मतदान केंद्रों में पानी, बिजली, शौचालय, शेड सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। इसके अलावा बुजुर्ग और चलने फिरने में कठिनाई महसूस करने वाले मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्र में व्हील चेयर, घर से मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए टोटो की व्यवस्था, शीघ्र मतदान कर सके इसलिए वॉलेंटियर्स इत्यादि की व्यवस्था की गई है। उपरोक्त जागरुकता कार्यक्रम जिले के प्रमुख चौक चौराहों पर चलाया गया।

### मजदूर परिवार के प्रति समर्पित थे राजेन्द्र सिंह : ए के झा

**धनबाद।** राष्ट्रीय खान मजदूर फेडरेशन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष,राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री दिवंगत नेता राजेंद्र बाबू की पुण्यतिथि पर आज टाटा जामाडोवा स्थित राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के रीजनल मुख्यालय में सैकड़ो की संख्या में कोयला मजदूरों ने अपने दिवंगत नेता को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए अपनी विनम्र श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के महामंत्री ए के झा ने कहा कि राजेंद्र बाबू ने धनबाद की जनता से कभी कुछ लिया नहीं। वो कांग्रेस, इंटक और मजदूर परिवार के लिए सदैव समर्पित रहे। उन्होंने अपना सारा जीवन कांग्रेस पार्टी, इंटक और मजदूरों के लिए लगाया। उनके इसी समर्पण, निष्ठा का आदर करते हुए सोनिया जी,खड़गे साहब और जननायक राहुल गांधी ने उनके पुत्रवधु श्रीमति अनुपमा सिंह को इंडिया गठबंधन की ओर से धनबाद संसदीय क्षेत्र से अपना उम्मीदवार बनाया है। श्री झा ने कहा कि राजेंद्र बाबू ने नफरत, भेदभाव की राजनीति कभी नहीं की। वो निर्भीक, निडर होकर प्रेम करने और भय मिटाने की राजनीति करते रहे। विपक्षी दल कांग्रेस में रहने के बाद भी हम सार्वजनिक रूप से माननीय सांसद पशुपतिनाथ सिंह और माननीय विधायक राज सिन्हा तथा एआईटीयूसी के मजदूर नेता के सार्वजनिक अपमान के खिलाफ सख्त विरोधी हैं। भाजपा प्रत्याशी को अपने सांसद के संसदीय जीवन से ज्ञान लेना चाहिए और ज्ञान लेना कोई अपराध नहीं है। हमने या दिवंगत नेता राजेंद्र बाबू ने सार्वजनिक जीवन में विपरीत विचारधारा के लोगों को भी सम्मान देने की विचारधारा पर चलने का काम किया है,ताकि धनबाद का सामाजिक सरोकार किसी भी स्थिति में बिगड़ने नहीं पाए। आपसी सौहार्द टूटने ना पाए।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर रवि महतो स्मारक टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में गोष्ठी



**धनबाद।** विश्व पर्यावरण दिवस पर शुक्रवार को रवि महतो स्मारक टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज महुदा में गोष्ठी हुई। गोष्ठी में राज्य के विभिन्न जिलों के महाविद्यालयों के प्राचार्य, आचार्य एवं समाजिक कार्यकताओं ने भाग लिया। गोष्ठी में पर्यावरण को सुरक्षित रखने एवं अपने क्षेत्र में पौधरोपण करने पर चर्चा हुई। आरएसपी कॉलेज के प्राचार्य डॉ उपेन्द्र कुमार ने कहा कि पर्यावरण की स्थिति काफी भयावह हो गयी है। अब सिर्फ चिंतन करने का समय नहीं रह गया है, बल्कि उस पर सभी को कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सिर्फ पेड़ लगाने से कुछ नहीं होगा, बल्कि अपने सोच में परिवर्तन लाकर हवा व पानी को स्वच्छ रखने के प्रति जागरूक होना होगा। चूंकि आज की यह संगोष्ठी प्रशिक्षित शिक्षकों के बीच हो रही है, इसलिए यह प्रभावी होगा। यदि तुरंत पर्यावरण के प्रति जागरूक नहीं होंगे तो स्थिति बहुत खतरनाक हो जायेगी और धीरे धीरे मानव का रहना मुश्किल हो जायेगा। गोष्ठी को महाविद्यालय के संस्थापक सह पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो, अन्य महाविद्यालयों से आये डॉ सुधा मिश्रा, डॉ. दिनकर दीक्षित, डॉ डीके सिंह, डॉ अरुण कुमार महतो, डॉ मनीष मिश्रा, डॉ सुनील यादव, डॉ सीके परिहार, डॉ गायत्री, डॉ सुजाता मिश्रा, डॉ कुमुद रंजन, डॉ रीता महतो, डॉ संजीव कुमार, डॉ वीना कुमारी, डॉ मुकेश तिवारी, डॉ पवन कुमार, डॉ उदय शर्मा, डॉ फिरदोश अंसारी, डॉ रीना भारती, डॉ अमरिंदर कौर, डॉ स्मृति नेगी, डॉ निकिता मिश्रा, प्रो नवीन मंडल, प्रशासक मधुसुदन महतो आदि ने संबोधित किया।

### आब्जर्वर व डीसी ने किया वेब कास्टिंग कंट्रोल रूम का निरीक्षण

**धनबाद।** धनबाद संसदीय क्षेत्र में कल होने वाले मतदान को लेकर सामान्य प्रेक्षक के थवसीलन एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने आज समाहरणालय स्थित एनआईसी कक्ष में मतदान प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए बनाए गए वेबकास्टिंग रूम एवं मतदान दिवस के लिये गठित नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सामान्य प्रेक्षक एवं निवार्ची पदाधिकारी ने मतदान प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए बनाए गए वेबकास्टिंग रूम एवं मतदान दिवस पर प्रत्येक बूथ पर वे मतदान का विवरणी संकलित करते हुए तय समय सीमा के अंदर एनकॉर पोर्टल पर अपलोड करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर डीआईओ श्रीमती सुनीता तुलस्यान, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, डीपीओ यूआईडी अमित कुमार, आईटी मैनेजर रूपेश मिश्रा समेत अन्य मौजूद रहें।

### जिला प्रशासन व आईआईटी आईएसएम के बीच मैत्री क्रिकेट मैच

**धनबाद।** लोकतंत्र के महापर्व की पूर्व संध्या पर आज आईआईटी आईएसएम मैदान में जिला प्रशासन एवं आईआईटी आईएसएम के बीच स्वीप एक्टिविटी के तहत मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। दोनों टीम के अधिकारी खिलाड़ियों ने चुनावी व्यस्तता से कुछ क्षण निकाल कर दर्शकों का मनोरंजन किया। जिला प्रशासन की ओर से व्यय प्रेक्षक निखिल गोयल, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन (कप्तान), वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, जेएसएलपीएस के डीपीएम शैलेश रंजन, जिला शिक्षा पदाधिकारी भूतनाथ रजवार, सहायक नगर आयुक्त प्रकाश कुमार, जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार, किशोर कुमार, संदीप कुमार, सारजेन मरांडी व अंकित गुप्ता टीम में शामिल रहे। वहीं आईआईटी आईएसएम की ओर से डी.एन. आचार्य (कप्तान), ऋषभ पांडे, सुमित चटर्जी, कमलेश कटारिया, साधन पाल, मनोहर कुमार तथा रंजीत कुमार टीम में शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### गिरिडीह संसदीय क्षेत्र के लिए ईवीएम मशीन लेकर मतदान कर्मी रवाना



**गिरिडीह।** छठे चरण के तहत गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में 25 मई को होने वाले मतदान की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शुक्रवार को सुबह से ही महेशलूंडी स्थित डिस्पैचिंग सेंटर से गिरिडीह व डुमरी विधानसभा क्षेत्र के 740 मतदान केंद्रों के लिए कर्मियों को ईवीएम मशीन सहित अन्य सामग्री के साथ रवाना किया जा रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी उपायुक्त नमन प्रियेश लकडा ने स्वयं डिस्पैच सेंटर पर रहकर मतदान कर्मियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने मतदान कर्मियों को स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने के लिए कई निर्देश दिए। कहा कि मतदान की पूरी तैयारी कर ली गई है और कई मतदान कर्मी ईवीएम मशीन लेकर गंतव्य पोलिंग बूथ के लिए रवाना हो चुके हैं।

### नक्सल प्रभावित 55 बूथों पर तैनात रहेंगे सुरक्षा दल




**धनबाद।** जिले के 2378 बूथों पर 25 मई को होने वाले मतदान के लिए शुक्रवार को पंडाल निर्माण, बिजली, पानी, कुर्सी टेबल आदि की व्यवस्था पूरी कर ली गई। चुनाव ड्यूटी पर तैनात सभी जवान दोपहर तक नियत मतदान केंद्रों तक पहुंच गए हैं। एसएसपी एचपी जनार्दनन ने बताया कि नक्सल क्षेत्र में 55 बूथों पर सुरक्षा बलों का कड़ा पहरा रहेगा। वहां सीआरपीएफ के साथ जेजे और कोबरा फोर्स को भी तैनात किया गया है। इसके अलावा 28 क्यूआरटी टीम भी तैनात रहेगी। नक्सल प्रभावित क्षेत्र के हर बूथ पर एक सेक्शन सीपीएम रहेगा। सभी जवानों को किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया गया है। हर तरह की घटना की सूचना वरीय अधिकारियों को देने की बात कही गई है। सभी बूथों की निगरानी सीसीटीवी कैमरे से होगी। ये सभी कैमरे कंट्रोल रूम से जुड़े रहेंगे। पल पल की जानकारी मिलती रहेगी। उन्होंने सभी नागरिकों से निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की है। कहान है कि सुरक्षा बल आपकी सेवा में तत्पर रहेंगे।

## अचेत व जख्मी हालत में मिली महिला, ग्रामीण एसपी ने की जांच

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मैथन।** गलफरबाड़ी रेलवे फाटक के पास अचेत व जख्मी हालत में अज्ञात महिला मिली। शुक्रवार सुबह तक उसे होश नहीं आया है। उसकी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस को उसके होश में आने का इंतजार है। फिलहाल वह धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाजरत है। पूरे मामले की जानकारी लेने शुक्रवार को ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी घटना स्थल पहुंचे। लोगों से पूछताछ की। लेकिन महिला के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी। ग्रामीण एसपी ने गलफरबाड़ी ओपी प्रभारी नितिश कुमार से भी आवश्यक जानकारी ली। बता दें कि गुरुवार की सुबह गलफरबाड़ी पुलिस ने अचेत अवस्था में पड़ी महिला को धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया था। एसपी ने कहा कि जब तक महिला को होश नहीं आ जाता, तब तक कुछ बताया नहीं जा सकता है। पुलिस महिला की पहचान में जुटी है। फिलहाल पता चला है कि वह घटनास्थल के आसपास गांव की नहीं है। संभावना जतायी जा रही है कि उसके साथ कुछ गलत जरूर हुआ है। मामले की सत्यता के लिये पुलिस प्रयासरत है। जल्द ही मामले की सच्चाई सामने होगी।

## आज से धनबाद में रीमा चक्रवात का दिखेगा असर, गर्मी से मिलेगी राहत



**धनबाद।** कोयलांचल में गुरूवार का दिन परेशान करने वाला रहा। लोग पूरे दिन उमस भरी गर्मी से तरबतर रहे। गर्मी के आगे पंखे की हवा भी कोई काम की नहीं रही। बिजली की आंख मिचौली के कारण रात को कई जगह लोगों को रत्तजगा करना पड़ा। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार बंगाल की खाड़ी में मौजूद लो प्रेशर एरिया अब डिप्रेशन में तब्दील हो गया है। यह उत्तर-पूर्वी दिशा में आगे बढ़ रहा है। कल यानी 25 मई की सुबह इसके चक्रवात में बदलने की संभाना जताई जा रही है। इस चक्रवात का नाम रीमा रखा गया है। आज रात से आंशिक बादलों की आवाजाही शुरू हो जायेगी। इसका असर धनबाद सहित राज्य के उत्तरपूर्वी, दक्षिण और मध्यभाग में देखने को मिलेगा। तेज हवा, गर्जन व बज्रपात के साथ हल्के से मध्य दर्जे की बारिश की संभावना है। 25 से 28 मई तक यह स्थिति इन क्षेत्रों में देखने को मिल सकती है। हवा की गति 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा होने की संभावना है। इससे गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। हालांकि खुले स्थान पर रहने से बचने की जरूरत है। आंधी-पानी में इन क्षेत्रों में वज्रपात की संभावना बढ़ जाती है। 29 और 30 मई को राज्य के पूर्वी भागों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्की बारिश की संभावना है।

## डीसी ने किया रिसीविंग सेंटर का निरीक्षण



**धनबाद।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त निवार्ची पदाधिकारी माधवी मिश्रा ने आज देर शाम बाजार समिति स्थित रिसीविंग सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बाजार समिति परिसर की साफ सफाई, सभी के लिए पानी की व्यवस्था, ईवीएम हेतु मार्किंग, साइन ऐज, बैरिकेटिंग, अलग अलग टीम के लिए रिसीविंग काउंटर, काउंटर के लिए कॉरिडोर, कार्य संपादन हेतु कंप्यूटर सेट, एआरओ टेबल, निर्बाध बिजली की व्यवस्था, रिसीविंग के क्रम में ट्रैफिक प्लान, पार्किंग, मेडिकल टीम, साउंड सिस्टम, दीदी किचन, हेल्प डेस्क, इंटरनेट, समेत कई अन्य बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम लॉ एंड आर्डर श्रीमती हेमा प्रसाद, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, सहायक नगर आयुक्त प्रसुन्न कौशिक, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल चंदन कुमार समेत कई अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### चुनाव आइकॉन श्वेता किन्नर ने निकाली जागरूकता रैली




**धनबाद।** लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए चुनाव आइकॉन श्वेता किन्नर ने झरिया विधानसभा के शालीमार से फुसबंगला, जामाडोबा, डुमरी नंबर दो तक मतदाता जागरूकता रैली निकाली। रैली के माध्यम से उन्होंने लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। रैली की समाप्ति के बाद सभी को मतदान करने की शपथ दिलाई।

## धनबाद सीट पर 25 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला आज

# देर रात तक जीत हार के जोड़ घटाव में कार्यकर्ताओं के साथ जुटे रहे प्रत्याशी

- थकान मिटाने के लिए चिकेन, मटन और शराब की चली दावत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** पिछले पांच माह से लोकसभा चुनाव की चल तैयारियां अब अपने अंतिम मुकाम पर पहुंच गई हैं। धनबाद सीट के लिए 25 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं, जिनके भाग्य का फैसला मतदाता आज करेंगे। मुख्य लड़ाई चिरप्रतिद्वंद्वी भाजपा और कांग्रेस के बीच है। मतदान को लेकर सबसे ज्यादा उत्साह महिलाओं और बुर्जगों में है। युवाओं में असमंजस की स्थिति है। नौकरी पेशा वाले कांग्रेस के लोकलुभावन वादों पर ज्यादा भरोसेमंद है।

छोटे और मझोले कारोबार वाले धार्मिक आधार पर बंटे हुए हैं। किसी को भाजपा पसंद है तो कोई कांग्रेस के शासन में ज्यादा आजादी की बात कह रहा है। कुल मिलाकर इस बार किसी भी दल की एकतरफा जीत नहीं होने वाली है। वहीं शुक्रवार को डोर टू डोर कैंपेन के बाद देर रात तक सभी प्रत्याशी जीत को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ जोड़ घटाव में व्यवस्त रहे। थकान मिटाने के लिए चिकेन, मटन, शराब की दावत भी खूब चली।

#### मोदी मैजिक ही कर सकती है भाजपा की नैया पार

पिछले तीन टर्म से भाजपा धनबाद सीट पर विजयी रही है। अब तक धनबाद को भाजपा का गढ़ माना जाता रहा है। लेकिन इस बार दागी प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारे जाने के कारण पार्टी के अंदर तथा शहरी मतदाता के बीच कुलबुलाहट है। शहर में ठेला, सब्जी विक्रेता, किराना व्यवसायी और चाय दुकान चलानेवाले लोगों के बीच अब भी भाजपा का चेहरा पीएम मोदी है। कई अन्य लोगों के विचार में बदलाव भी आया है। खासकर बिहार से आकर बसे लोगों में ज्यादा नाराजगी है। क्योंकि उनके क्षेत्र का प्रत्याशी चुनाव मैदान में नहीं है। पार्टी के अंदर भी भितरघात ज्यादा है। पहली बार धनबाद के शहरी इलाके में पार्टी का कोई बड़ा नेता चुनावी सभा में नहीं पहुंचा है। सिर्फ पीएम मोदी ने चुनाव की घोषणा होने से पहले धनबाद के शहरी वोटरों के बीच सभा की है। स्थानीय नेता भी इसबार चुनाव प्रचार में बहुत कम लोगों के बीच नजर आये। भाजपा की सहयोगी पार्टी जदयू, लोजपा और आजसू का जिले में जनाधार नहीं होने के कारण वोट बढ़ने की उम्मीद कम ही दिखती है।

#### कांग्रेस में भी भितरघात का डर

कांग्रेस की बात करें तो यहां भी इसबार सबकुछ सही नहीं है। पैरासूट उम्मीदवार उतारे जाने के कारण पार्टी में भितरघात का डर ज्यादा है। पार्टी में जमीनी स्तर पर काम करने वाले कार्यकर्ता व नेता अंदर से नाराज हैं। कांग्रेस की प्रत्याशी राजनीति में बिल्कुल नई हैं। उनके पति पर ही जीत का सारा दारोमदार है। सहयोगी पार्टियों की बात करें तो झामुमो के पास अपना आदिवासी और मुस्लिम वोट है। स्थानीय मतदाताओं में ठीक ठाक पकड़ है। लेकिन चुनाव प्रचार में कांग्रेस को उसका लाभ मलता नहीं दिखाई दिया है। क्योंकि झामुमो के नेता कांग्रेस उम्मीदवार के पक्ष में बहुत कम प्रचार करते नजर आये। सीपीआई, सीपीएम का जिले में जनाधार नहीं है, उनसे भी कांग्रेस को कोई फायदा होता नहीं दिख रहा है। हालांकि कांग्रेस पार्टी के लोकलुभावन वादों ने लोगों का मिजाज बदला है। प्रत्याशी के पति की मजदूर संगठनों में अच्छी पकड़ है। मजदूर भी भाजपा की कई नीतियों से परेशान हैं। इससे कांग्रेस को लाभ होता नजर आ रहा है। हालांकि असली फैसला 4 जून को ही होगा।

#### अन्य प्रत्याशियों के भी है अपने अपने दावे

इस बार थर्ड जेंडर भी चुनावी मैदान में है। कोलियरी क्षेत्र से लेकर कई अलग अलग बस्तियों में धुआंधार प्रचार भी किया है। जीत के बाद कई वादे पूरा करने की बात कही है। उन्हें अपनी जीत का भरोसा है। इसके अलावा पंचर वाले, शिक्षक, किसान, समाजसेवी, गृहिणी, जमीन कारोबारी भी अपना भाग्य आजमा रहे हैं। सभी के अपने अपने दावे हैं। इनमें से सभी एक क्षेत्र तक ही सीमित हैं। कौन कितना वोट लाता है, यह तो चुनाव का नतीजा आने के बाद ही पता चलेगा।

# दहकते अंगारों पर चलना शिवभक्ति का प्रतीक

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के षिव मदिंर सांती ओरमांझी में आयोजित नौ दिवसीय मंडा पूजा शुक्रवार को झुलन के साथ संपन्न हुआ। मंडा पूजा में 151 भोक्ता में कई छोटे बच्चे भी शामिल थें। सभी भोगताओं के द्वारा लोटन सेवा, होड़न सेवा, बेतजोड़न सेवा, गुड़न सेवा सहित षिवभक्ति की पूजा पूर्ण कर गुरूवार रात को दहकते अंगारे में चल भगवान षिव के प्रति अपनी भक्ति व आस्था की प्रद्दष्य फुलखुंदी किया गया। उनके साथ सोकताईन माताएं व कई युवतियों ने भी दहकते अंगारे में चली। इस अवसर पर मंडा पूजा समिति सांती द्वारा रात्रि में छउनृत्य का आयोजन किया गया है। बंगाल से पहुंचे छऊनृत्य के कलाकारों द्वारा काफी आकर्षक छउनृत्य प्रस्तुत किया गया। मंडा पूजा में फूलखुंदी व छउनृत्य को लेकर क्षेत्र की महिलाओं व बच्चों में भी काफी उत्साह देखा गया। छउनृत्य कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू ने किया और कहा मंडा पूजा कार्यक्रम व मेला नही, भगवान शिव की भक्ति के प्रति आस्था का प्रतिक है। कहा एक छोटी चिंगरी भी हमें चला देती हैं, और यहां दहकते अंगारे में चलना मंडा पूजा की परंपरा नही नौ दिन तक किए गए भगवान षिव की पूजा की शक्ति है। कार्यक्रम में विषिष्ट अतिथि कमिष्नर मुंडा, मुखिया सुनील उरांव, पूर्व बीससूत्री उपाध्यक्ष रामवृक्ष महतो कृष्णा साहू, अशोक पंडित, रूपेश कुमार, प्रकाष मुंडा, दीपक मुंडा, राजू प्रजापति, जगेष्वर महतो, सिकेंद्र प्रजाति, लखन महतो सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थें।

**मंडा पूजा का प्राचीन इतिहासः** मुखिया व गांव के वृद्ध लोग बताते हैं मंडा पूजा का काफी प्राचीन इतिहास रहा है। नागवंशी राजाओं के काल से सती पार्वती के बलिदान व भगवान शिवशंकर को प्रसन्न करने को लेकर मंडा पूजा होती आ रही है। अर्धनारीष्वर के रूप में शिवभक्त भोक्ता व सोकताईन नौ दिन के उपवास व पूजा के बाद भगवान शिव को प्रसन्न करने व अपनी भक्ति की परिद्दष्य करते हुए दहकते अंगारे में चलते हैं। वर्तमान समय में भी मंडा पूजा उसी आस्था व विश्वास के साथ की जा रही है। मंडा पूजाकर भगवान शंकर से समाज व परिवार में सुख, समृद्धि, शांति व बारिश व फसल अच्छी हो और गांव में किसी प्राकर की प्रकृति विपदा न आए इसी मनोकामना के साथ मंडप पूजा किया जाता है।

## नेम निष्ठा के साथ लोटन रस्म निभाई



**राहे।** प्रखंड के राहे गांव का प्रसिद्ध सुसारी पर्व के छठे दिन शुक्रवार को भोक्ताओ के समूह ने नेम निष्ठा के साथ लोटन रस्म को पूरा किया। राहे गांव में नो दिवसीय सुसारी पर्व धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया जाता है। 9 दिन तक लगातार अलग-अलग रस्म का निभाई जाती है। आठवें दिन दुर्गा घाट और नो की रात्रि कालीघाट रात्रि जागरण के साथ पर्व का समापन होता है। पर्व का आयोजन राहे सोलह आना समिति के द्वारा किया जाता है। पर्व को देखने दूर-दूर से लोग आते हैं। रविवार को दुर्गा घाट और सोमवार रात कालीघाट और जागरण होगी।

## स्पीड न्यूज

### लापता भाई को तलासने की गुहार



**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के कुल्ही ओरमांझी निवासी स्व मोतीलाल महतो का 25 वर्षीय बेटा अवधेष महतो पिछले एक माह से लापता है। जिसे लेकर उसके स्वजन काफी परेषान हैं। उसका भाई राजेष कुमार महतो ने बताया कि अवधेष महतो 25 अप्रैल को किसी को बताए बिना घर से निकला, फिर वापस नही लौटा। जब से लापता हुआ स्वजनों द्वारा लगातार उसे तलासने की प्रयास की जा रहा है। एक माह गुजर जाने के बाद अब स्वजन किसी प्रकार के अनहोनी घटना को लेकर चिंतित हैं। भाई राजेष कुमार महतो द्वारा ओरमांझी थाना में अपने भाई की गुमषुदगी का मामला दर्जकर पुलिस से जल्द तलासने की गुहार लगाई गई है।

### मोटरसाइकिल सवार गिर कर गंभीर रूप से घायल

**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के हेसालौंग देवी मंडप के निकट मोटरसाइकिल सवार गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना चार बजे की बतायी जाती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार करकट्टा निवासी बलराम गंझू अनपे कार्यो को निबटा कर मैक्लुस्कीगंज से अपने घर वापस लौट रहा था, इसी क्रम में हेसालौंग देवी मंडप के निकट अनियंत्रित होकर चहार दिवारी से टकरा गया। घटना में बलराम गंझू गंभीर रूप से घायल हो गया है, उसके सिर में गहरी चोट लगी है। सूचना पर पहूंची मैक्लुस्कीगंज पुलिस ने घायल को अस्पताल भेजवाया। परिजनों को सूचना दे दी गयी है।

### लुबी सर्कुलर में आवास में युवक का मिला शव

**धनबाद।** लुबी सर्कुलर रोड स्थित इंडियन ऑयल के पीछे एक मकान में युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मौके पर सदर थाना की पुलिस को स्थानीय लोगो ने सूचना दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच सिनाख में जुट गई।वही पूर्व पार्षद अशोक पाल ने बताया की संजय प्रमोद कुमार प्रसाद है, यह संभावना जताई जा रही है कि सुबह में इनका हार्ड अटैक हो गया। क्योंकि बेड पर जिसतरह से बॉडी थी इससे यही अनुमान लगाया जा रहा है।पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को एसएनएमएमसीएच भेज दिया गया।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में स्कूल में निबंध प्रतियोगिता

**गिरिडीह।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सम्मान समारोह का आयोजन कियाा। निबंध प्रतियोगिता में विद्यालय के दो छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। दुष्परिणाम विषय पर रवि कुमार, प्रथम स्थान एवं तरुण वर्ग में शिवाजी महाराज के राज्यारोहण का सामाजिक वं राजनीतिक प्रभाव पर परी कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य ने विजेता को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर ग्रामीण एसपी ने मतदान केंद्रों का किया वेरीफिकेशन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खलारी।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर ग्रामीण एसपी सुमीत अग्रवाल खलारी व मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के मतदान केंद्रों में जाकर वेरीफिकेशन किया। ग्रामीण एसपी ने प्रखण्ड के 60 मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर पूरी जानकारी लिया। वही शुक्रवार संध्या एसपी ने खलारी प्रखंड के अतिसवेदन शील एरिया मैक्लुस्कीगंज के सभी मतदान केंद्रों में जाकर वेरिफिकेशन किया। शांतिपूर्ण मतदान को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। उनके साथ खलारी डीएसपी आरएन चौधरी, थाना प्रभारी गोविंद कुमार सहित सीआरपी, कोबरा, जगुआर के जवान शामिल थे।

## मछली पकड़ बेचने जा रही महिला दुर्घटना में घायल

## घायल के उपचार को किया जा रहा चंदा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के चकला मोड़ के पास हुई एक सड़क दुर्घटना में चकला बस्ती की 35 वर्षीय महिला सुमन देवी गंभीर रूप से घायल हो गई है। अपने 20 वर्षीय बेटा के साथ डेम से मछली पकड़ती है बाजार में बेचकर घर चलता है। घटना के दिन बुधवार को भी वह डेम से मछली पकड़कर बेटे के साथ बाइक में बैठ कर इरबा बाजार मछली बेचने जा रही थी। तभी एक तेज रफ्तार स्कूटी ने बाइक को ठोकर मार दिया। जिससे महिला सड़क में फेंका गई। सड़क में गिरने से महिला का माथा में गंभीर चोट लगी है। उसे उपचार के लिए क्यूरेस्टा ग्लोबल हॉस्पिटल में भती किया गया है। जहां आईसीयू में उसका उपचार चल रहा है। वहीं स्कूटी सवार व बेटा चोट नही लगी है। वहीं की इसकी जानाकरी होने पर महिला की जान बचाने व मदद करने के लिए गांव वाले चंदा कर रहे हैं। उपप्रमुख रिजवान अंसारी ने बताया महिला काफी गरीब है और पूर्व में उसका पति का भी निधन चूका है। उसके उपचार के लिए हरसंभव मदद किया जाएगा।

## साइबर अपराधियों ने किसान के बैंक खाते से उड़ाये एक लाख रुपये

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**इटकी।** साइबर अपराधियों द्वारा ऑनलाइन धोखाधड़ी कर किसान के बैंक खाते से एक लाख रुपये की राशि उड़ा दी गयी। साइबर ठगों ने इटकी थाना क्षेत्र के तिलकसूती गांव के महादेव दास, पिता बलदेव दास के बैंक खाते से एक लाख रुपये की राशि उड़ा ली गई। भुक्तभोगी महादेव दास के अनुसार वह खेत बेच कर बैंक में पैसा जमा किया था। ठगी की घटना से दुखी भुक्तभोगी किसान और उसके परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार गुरुवार को अपराहन करीब 4.15 बजे महादेव के मोबाइल पर 7365811230 नंबर से कॉल कर पीएम किसान योजन के तहत लाभ दिलाने के नाम पर आधार नंबर मांगा गया। लालच में आकर किसान ने आधार नम्बर भेज दिया। इसके बाद ठगों द्वारा एक लिंक भेज कर उसे ओपन करने की बात कही गई। लिंक ओपन होते ही वीडियो कॉलिंग कर ठग द्वारा यूनियन बैंक के बचत खाता से एक लाख रुपए उड़ा लिए गये। इस संबंध में भुक्तभोगी महादेव दास द्वारा ठगी का मामला दर्ज करने लिए इटकी थाना में आवेदन दिया गया। परंतु साहबर सेल से जुड़ा मामला होने के कारण तत्काल कार्रवाई के लिए पुलिस ने उसे साइबर थाने भेज दिया। इधर यूनियन बैंक से मिली जानकारी के अनुसार एक लाख रुपए पांच किश्तों में निकाली गई है। जिसमें चार किस्त पोस्ट लेन देन हुआ है जबकि एक किस्त पचास हजार रूपए का पंजाब नेशनल बैंक आईएफएससी 276100 पर किसी राहुल नामक व्यक्ति के अकाउंट में ट्रांसफर किया गया है।

## बैक करने के दौरान पेंट से लदा ट्रक गडढे में गिरा, बाल-बाल बचा चालक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सिकिदिरी।** सिकिदिरी-हुंडरू फाल पथ के स्वर्णरेखा जल विद्युत परियोजना सिकिदिरी के आईबी के समीप बैक करने के दौरान पेंट लदा एक एलपीटी ट्रक असंतुलित होकर सड़क किनारे बने गडढे में जा गिरा। इस घटना में चालक गुमला निवासी विकास कुमार बाल-बाल बच गया। उसे मामूली चोट आई है। घटना के बाद काफी मात्रा में पेंट जमीन में बह कर बर्बाद हो गया। घटना गुरुवार की देर रात करीब 12 बजे की है। बताया जाता है कि ट्रक संख्या रांची से पेंट लोड कर धनबाद जा रहा था। इस दौरान रास्ता भटक कर वह हुंडरू फॉल की ओर चला गया था। वापस लौटने के लिए चालक ट्रक को बैक करने लगा। इसी दौरान चालक ने ट्रक पर से अपना नियंत्रण खो दिया और ट्रक असंतुलित होकर सड़क किनारे वन विभाग के खोदे गए गडढे में जा गिरा। शुक्रवार की सुबह ट्रक को गडढे से बाहर निकाला गया।

## अनगड़ा में चुनाव की तैयारी पूरी सुबह सात बजे से शुरू होगा मतदान

**अनगड़ा।** अनगड़ा के सभी 109 मतदान केंद्रो पर चुनाव की तैयारी पूरी कर ली गई है। सभी मतदानकर्मी अपने-अपने मतदान केंद्रों में पहुंच चुके हैं। अनगड़ा प्रखंड के सिल्ली-61 में 31 मतदान केंद्र हैं जबकि खिजरी-62 में 78 मतदान केंद्र हैं। सिल्ली- 61 के 31 मतदान केन्द्र मे कूल 21387 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें जबकि खिजरी-61 के 78 मतदान केन्द्रों में 65954 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें इनमें पुरुष मतदाताओं की संख्यां 32723 तथा महिला मतदाताओं की संख्यां 33231 है। सिल्ली-61 के सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचल पदाधिकारी राजू कमल ने बताया कि उक्त सभी मतदान केन्द्रों में मतदाताओं और मतदानकर्मियों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करा दी गयी है। बताया कि मतदान सुबह सात बजे से शुरू होगी जबकी 5.30 बजे इस बार मॉक पोल भी होगा जो विभिन्न राजनीतिक दल के अभिकर्ता करेंगें ताकि यह सुनिशिचत हो सके कि जिस चुनाव चिन्ह में बटन दबाया गया है उसी में वोट पड़ा है।

## पड़हा कुंदी के तत्वावधान में जतरा का आयोजन किया गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**इटकी।** 12 पड़हा कुंदी के तत्वावधान में शुक्रवार को जेठ जतरा का आयोजन किया गया। कुंदी स्थित दाल टांड़ में आयोजित प्रथम जेठ जतरा में सैकड़ो आदिवासी महिला पुरुष पारंपरिक वेश भूषा में मांदर की थाप पर जमकर नृत्य गान किया। बारह पड़हा के प्रतीक काठ के बने जोड़ा घोड़ा पर सवार पंचू मिंज व विजय केरकेट्टा को पारंपरिक रूप से नृत्य गान कर जतरा स्थल लाया गया। इससे पूर्व सोमरा पहान व विकास पहान के द्वारा रात 12 बजे के बाद संयुक्त रूप से पूजा अर्चना कर रंगुवा मुर्गा का बलि दिया गया और जतरा स्थल पर झंडा स्थापित किया गया। मौके पर मेला का आयोजन किया गया। मेले में लगे चाट, फुचका, मिठाई, आइस क्रीम, खिलौने सहित अन्य दुकानों पर लोगों ने जम कर खरीदारी की। जतरा को सफल बनाने में डब्बू केरकेट्टा, अजय मिंज, रतनू तिग्गा, अमित तिग्गा, एतवा केरकेट्टा, जतरु कच्छप, संजय मिंज, अमित खलखो, सोमरा पहान, विजय तिग्गा, राजेश केरकेट्टा, सुरेश केरकेट्टा ने सराहनीय योगदान रहा।

# मतदान कर्मी पहुंचे क्लस्टर पर मतदान आज

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सोनाहातू/राहे।** रांची लोकसभा क्षेत्र में 25 मई शनिवार को मतदान है। मतदान को लेकर प्रखंड स्तर में सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। शुक्रवार देर शाम 5 बजे तक सभी क्लस्टर और बूथ पर मतदान कर्मी और सुरक्षाकर्मी पहुंच गए हैं। क्लस्टर में बिजली, पानी, शौचालय आदि की व्यवस्था की गई है। बुथ पर भी पानी, बिजली, और शौचालय की व्यवस्था है। बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था के लिए सभी क्लस्टर और बूथ पर जनरेटर की व्यवस्था की गई है। व्यवस्था को लेकर राहे के प्रभारी सीओ मनोज महथा और राहे थाना प्रभारी फैज रब्बानी हर बुथ और कलेक्टर का दौरा कर तैयारी की समीक्षा किये।इधर सोनाहातू बीडीओ खगेश कुमार और थाना प्रभारी चंदन कुमार ने भी कलस्टर और बूथ का दौरा कर व्यवस्था को दुरुस्त किया। तथा सभी मतदान कर्मियों को सुविधा देने का आश्वस्त किया। राहे प्रखंड में 60 क्लस्टर बनाये गये हैं।

मध्य विद्यालय कापीडीह, प्राथमिक विद्यालय सुअरमारा, मध्य विद्यालय राहे, पंचायत भवन सताकी, हाई स्कूल रंगामाटी, हाई स्कूल बांगीबेड़ा में कलस्टर बने हैं। नावाडीह और लोवाहातू पंचायत में मतदानकर्मी सीधे बूथ पर पहुंचे हैं।

### सोनाहातू प्रखंड में तीन कलस्टर बनाये गए है

पंचायत भवन जिंतू, मध्य विद्यालय पंडाडीह, और हाई स्कूल लांधूपडीह में कलस्टर है। जामुदाग, गलऊ, तेलवाडीह, तेतला पंचायत में सीधे बूथ में मतदान कर्मी पहुंचे है। सोनाहातू प्रखंड में 81 बूथ है जिसमें 10 बुथ को क्रिटिकल बुथ के श्रेणी में रखा गया है। कुल मतदाता 62003 है जिसमें महिला 31000और पुरुष 31003 है। सबसे अधिक मतदाता मध्य विद्यालय चोकाहातू बुथ 275 में है यहां 1462 मतदाता है।

राहे प्रखंड में 55 बुथ है। जिसमें 24 बुथ क्रिटिकल है। कुल मतदाता 44560 है। जिसमें महिला 22494 तथा पुरुष मतदाता 22065 है, 1अन्य मतदाता है। सबसे अधिक मतदाता मध्य विद्यालय पुरानानगर बुथ 177 में है यहां 1184 मतदाता है।

## एक नजर में

### झारखंड कंबाइंड इंटरेंनस परीक्षा की 14वीं टॉपर बनी कशफ जरीन




कांके। झारखंड सरकार द्वारा आयोजित जेसीईसीई (झारखंड कंबाइंड इंटरनेंस) परीक्षा में कांके चूड़ी टोला निवासी कशफ जरीन ने ऑल झारखंड में 14 रैंक प्राप्त की है अंजुमन कमेटी के आध्यझ मो बशीर की पुत्री कशफ ने मैट्रिक नीरजा सहाय डीएवी से 96 प्रतिशत व इंटर में 95 प्रतिशत के साथ पास की उसने बीएयू के वेटनरी कॉलेज से बीवीएससी पढ़ने की इच्छा जतायी है उसके इस सफलता पर माता पिता स्कूल के शिक्षक, शिक्षिकाएं आसपास के लोगों ने बधाई दिया।

### धनबाद में चोरी की 9 मोबाइल के साथ पांच अपराधी गिरफ्तार

**धनबाद।** वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त के निर्देशन में शुक्रवार को रेसुब पोस्ट, टास्क टीम धनबाद, सिआबी के अधिकारी व स्टाफ के द्वारा प्रभारी निरीक्षक/रेसुब पोस्ट के नेतृत्व में धनबाद रेलवे स्टेशन पर गाड़ी सं 15028 मौर्या एक्सप्रेस के एसी बॉगी से एक संदिग्ध व्यक्ति को उतरते देखा गया जो आरपीएफ को देख कर भागने लगा, जिसे पकड़ कर पूछने पर उसने अपना नाम दीपक कुमार शर्मा और पता तारानारी चंद्रपुरा जिला बोकारो का बताया। इसके कब्जे में एक रेडमी का स्मार्टफोन था जो एक सप्ताह पहले इसमें चुराया था। आगे पूछने पर पता चला कि यह अकेले नहीं है इसके साथ और तीन साथी मोबाइल चोरी करते हैं। और बाकी लोगों के पास भी विभिन्न कंपनी के स्मार्टफोन बरामद हुए। जो धनबाद स्टेशन से ही चोरी किए गए थे। और यह सारे स्मार्टफोन फूलचंद चौधरी को भेज देते हैं जो स्टेशन के साउथ साइड में रहता है। आरपीएफ के षड्यंत्र के अनुसार जब अभियुक्त के द्वारा फूलचंद चौधरी को फोन करके बुलाया गया तो वह अपने बाइक से वह स्टेशन के साउथ साइड आया और तभी आफ ने उसे भी धर दबोचा। सभी स्मार्टफोन का अनुमानित मूल्य 1,35,000 बताया जा रहा है जो कांड संख्या में दर्ज कर सभी को कानूनी कार्रवाई के लिए आगे भेज दिया गया

### घर के सामने से बाइक उटा ले गए चोर

**जोड़ापोखर।** डिगवाडीह टाटा वर्कर फ्लैट निवासी सह टाटा कर्मी अजय गुप्ता की मोटरसाइकिल गुरुवार की रात साढ़े आठ बजे चोरी हो गई। उन्होंने शुक्रवार को जोड़ापोखर थाना में लिखित शिकायत करते हुए बताया कि रात में फ्लैट के निकट मोटरसाइकिल खड़ी कर कमरे में कुछ काम से गए थे। 10 मिनट बाद आकर देखा कि मोटरसाइकिल गायब है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### पूर्वी टुंडी पहुंचा आजसू सुप्रीमो का काफिला

**पूर्वी टुंडी।** आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो का काफिला चुनाव प्रचार में गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय पहुंचा तथा गिरिडीह के एनडीए प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी के चुनाव प्रचार में लोगों को उन्होंने संबोधित किया। श्री महतो ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जनता नरेंद्र मोदी को इस बार भी प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है।

### मैथन में नौजवानों ने थामा माले का दामन

**कुमारधुबी।** मैथन रोड स्थित भाकपा माले कार्यालय में 24 मई शुक्रवार को दर्जनों नौजवानों ने माले का झंडा थामा। इस अवसर पर पार्टी की राज्य कमेटी के सदस्य नागेन्द्र कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव में धनबाद सहित झारखंड में एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच कांटे की टक्कर है। धनबाद में भी बदलाव का माहौल बन गया है। इसलिए नौजवानों को लोकतंत्र–संविधान बचाने के लिए महागठबंधन की उम्मीदवार अनुपमा सिंह को हाथ छाप पर वोट देकर जिताने का संकल्प लेना है। नौजवानों को लोकतंत्र–संविधान बचाने के लिए महागठबंधन कीपार्टी में शामिल होने वाले नौजवानों में अजय रवानी, जितेंद्र राम, अर्जुन राम, राज कुमार, राकेश कुमार, अमित कुमार, कृष्णा सिंह, खमाकर मंडल, देवेन्द्र कुमार, राहुल कुमार, सत्येन्द्र प्रसाद, रवि कुमार ने संकल्प लिया की हागठबंधन की उम्मीदवार अनुपमा सिंह को हाथ छाप पर वोट देकर विजय बनाना हैं। इस अवसर पर माले नेता मनोरंजन मलिक, बी के सिंह, अखिलेश्वर झा, असीम घोष,रामलखन राय, जितेंद्र शर्मा, बबन सिंह, असीम घोष, जितेंद्र राम, अर्जुन राम, आदि मौजूद थे।

### राजेंद्र बाबू ने कोयला उद्योग को निजीकरण से बचाने की लड़ी थी लड़ाई : अजय

**सिंदरी।** अखंड बिहार के मजदूर नेता राजेन्द्र प्रसाद सिंह की चौथी पुण्यतिथि शुक्रवार को सिंदरी के इंटक कार्यालय में मनाई गई। इंडिया गठबंधन प्रत्याशी अनुपमा सिंह के ससुर थे। दिवंगत मजदूर नेता की श्रद्धांजलि सभा में इंडिया गठबंधन के घटक दलों के सदस्य मौजूद थे। सभा में उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। राजेंद्र बाबू अमर रहे के नारे लगाए गए। वह कोयला उद्योग के निजीकरण के खिलाफ लड़ाई लड़ते रहे। श्रद्धांजलि सभा में कांग्रेस नेता राहुल राज, विदेशी सिंह, सीपीआई(एम) सिंदरी बलियापुर लोकल कमेटी सचिव विकास कुमार ठाकुर, सीपीआई(एम) सिंदरी शाखा सचिव गौतम प्रसाद, कांग्रेस के जिला सचिव मनोज घोष, सिद्धार्थ, सुखदेव हाँसदा, नकुल कुमार वर्मा, विजय सोरेन, ललन ठाकुर आदि मौजूद थे।




### राजेंद्र प्रसाद सिंह को बताया मजदूरों का मसीहा

**धनबाद।** भूली बी ब्लॉक के विवाह भवन में पूर्व मंत्री राजेंद्र प्रसाद सिंह की चौथी पुण्यतिथि मनाई गई। वरिष्ठ कांग्रेस नेता नीलू कांत सिंह, जेएमएस के बुद्धजीवी प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष राजू प्रसाद हाड़ी, सरजू सिंह, दिनेश यादव, मनोज सिंह, अजय कुमार चौधरी सहित अन्य भूली वासियों ने दिवंगत नेता की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। राजू प्रसाद हाड़ी ने कहा कि राजेंद्र प्रसाद सिंह ने कोयला श्रमिकों के लिए संघर्ष किया। उनकी बहू अनुपमा सिंह को संसद भेज कर ही हम ऋण हो सकेंगे। नीलू कांत सिन्हा ने कहा कि राजेंद्र प्रसाद सिंह मजदूरों के लिए मसीहा थे। कोयला मजदूरों को उनकी कमी खल रही है। उम्मीद है कि भविष्य में राजेंद्र प्रसाद सिंह की तरह उनकी बहू भी कोयला श्रमिकों के साथ धनबाद के विकास के लिए कार्य करेंगी।

### भौरा में राजेंद्र बाबू की मनायी पुण्यतिथि

**भौरा।** बेरमो के पूर्व विधायक व मजदूरों के नेता राजेंद्र प्रसाद सिंह की पुण्यतिथि शुक्रवार को भौरा स्थित कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई। क्षेत्र के सभी कांग्रेस नेताओं ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण किया। कांग्रेस नेता एसके शाही ने कहा कि राजेंद्र बाबू हमेशा कोयला मजदूरों की लड़ाई लड़ते रहे। उन्होंने कोयला खदान में काम करने वाले मजदूरों के लिए कई कल्याणकारी योजनाओं को लागू कराने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया था। मौके पर कालीचरण यादव, सतीश रजक, बैजनाथ रवानी, निरंजन कालिंदी, नुनु लाल पासवान, बम भोली सिंह, संजय सिंह, नारायण बाउरी, मुन्ना यादव, मोहम्मद कासिम, कमलेश पांडे आदि मौजूद थे।

